छठ पर्व को लेकर डीएम एसपी ने रेलवे जंक्शन समेत आसपास के क्षेत्र का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी, वरिय पुलिस अधीक्षक, एवं नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर नगर निगम द्वारा रेलवे के वरीय अधिकारियों के साथ मुजफ्फरपुर जंक्शन एवं आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया तथा छठ महापर्व के आलोक में यात्रियों के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। महा प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर मंडल से भी भीड़-नियंत्रण सहित अन्य तैयारियों के बारे में विमर्श किया गया। जिला प्रशासन एवं रेलवे



के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये होल्डिंग एरिया का विधिवत संचालन, डिस्प्ले बोर्ड, ट्रेन के आवागमन के संबंध में नियमित उद्घोषणा, पेयजल, चलंत शौचालय, एम्बुलेंस, सीसीटीवी कैमरों से अनुश्रवण सहित मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्था कर उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा-व्यवस्था तथा सुचारू यातायात-प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

यह तल्खी और तड़प क्यों ...

नगर चर्चा — मनोज

भारतवर्ष और सनातन धर्म! एक दूसरे के कितने पूरक हैं! और कितने दूर! इसमें अंतर कर पाना बड़ा मुश्किल प्रतीत हो रहा है? लेकिन उससे भी ज्यादा मुश्किल प्रतीत हो रहा है अपने ही देश में! बहुसंख्यक हिंदू समाज का असहज और असंगठित होना! उनके मन में असुरक्षा का भाव और अल्पसंख्यकों के सामने खुद को हीन समझना? तभी तो हमें बहुसंख्यक होने के बाद भी! भारतवर्ष में सनातनी होने का! प्रमाण देना पड़ रहा है? खुद को संगठित करने के लिए! संघर्ष करना पड़ रहा है? और यह जताना पड़ रहा है कि! हम सनातनी यानी हिंदू हैं? अब यह राजनीति है! विडंबना या हमारी मूर्खता! कहना मुश्किल है? क्योंकि मंदिर और मस्जिद के लिए लड़ाई हो? यह न तो हमारी परंपरा है! न तो हमारा संस्कार! हम आदिकाल से अपने इतिहास पर गर्व करते हैं! और अनंत काल तक इसी संस्कार और संस्कृति के तले! आगे भी गौरवान्वित होते रहेंगे! खैर हम जिस अभियान पर चले थे! मार्ग भटकना बेकार है? हम कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी द्वारा लिखित आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ़ लव' पर चर्चा करने बैठे हैं? आखिर उनके द्वारा व्यक्त अभिव्यक्तियों पर इतनी तल्खी क्यों? अगर वह सच्चाई से परे है तो! प्रमाण के साथ उत्तर देना आवश्यक होता है! और अगर उनकी कथनी सही है तो! हमें आगे बढ़कर सच्चाई को स्वीकारने की जरूरत है! अगर सोनिया लिखती है कि! नेता प्रतिपक्ष होने के बाद भी! प्रधानमंत्री के साथ उनके संवाद! महज औपचारिक हाय हलो तक सीमित रहे हैं? तो यह लोकतंत्र के लिए कहीं से उचित प्रतीत नहीं होता! क्योंकि संवाद वह प्रक्रिया है जो! सौहार्दता को बढ़ाने और मुश्किलों को पाटने में सहायक होता है? खैर यह तो आत्मीय संस्कार और मानवीय पहलू है कि! हम किससे कितना और किस तरह का संबंध रखते हैं? यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भी नाम सोनिया ने अपने किताब में जिक्र किया है! यह कड़वी सच्चाई है कि संसद भवन में कई मौके पर! वाजपेई और सोनिया के बीच तीखी नोक - झोंक हुई है! एक दूसरे पर जमकर आरोप - प्रत्यारोप और! करारा प्रहार भी देखने को मिला है! लेकिन संसद भवन के बाहर दोनों ने! एक दूसरे का बखूबी आदर सम्मान बरकरार रखा! जो तात्कालिक राजनीतिक परिस्थितियों के केंद्र और खूबसूरती बनी रही! वर्तमान स्थिति को भी अगर हम देख लें तो! मौजूदा सत्ताधारी और विपक्ष के बीच जो तल्ख हालात हैं! कहीं न कहीं संवादहीनता के ही प्रतिफल दिखते हैं? अन्यथा एक दूसरे का सम्मान कर! कई ऐसे मामले हैं जिनका सहज भाव से निष्पादन हो सकता है? मगर जहां हृदय में अहम हो! तानाशाही की प्रवृत्ति पले! और 'मैं ही बेहतर' की सोच हो! उन परिस्थितियों में संबंधों को! सहज बनाए रखना मुश्किल प्रतीत होता है! और मौजूदा संसद भवन में नित्य हाहाकार! इसका सबसे बड़ा उदाहरण साबित हो रहा है? अगर हम वर्ष 2011 - 12 के अन्ना हजारे के आंदोलन! इंडिया अगेंस्ट करप्शन पर नजर डालें तो! आमरण अनशन का एकमात्र मुद्दा था? भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए जन लोकपाल का गठन! यह मानने में गुरेज नहीं है कि तबकि परिस्थितियों में! सोशल मीडिया से लेकर प्रशासनिक और! अखबारी तंत्र ने! इस कदर हालात बना रखे थे कि हर कदम पर! भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार नजर आ रहा था? और बढ़ती महंगाई ने! कोढ में खाज की तरह! लोगों को बेचैन कर रखा था!

हालांकि तब आरोपों के आधार पर! तात्कालिक सरकार ने! कई आरोपी मंत्रियों ए राजा, कलमाड़ी, कन्नीमोजी को गिरफ्तार कर! सलाखों के पीछे रखा था? और तो और आंदोलन के आगे सर झुकाते हुए! लोकपाल का गठन तक किया था? क्या आज भी ऐसे एक्शन की उम्मीद साकार हो पाती है? आरोप लगते रहे अपनी बला से!

मगर कालांतर में जब आरोपों के आगे! संप्रग की सरकार जाती रही! और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार सत्तासीन हुई तो! बड़ी हैरत हुई कि लोकपाल के गठन अथवा लोकपाल को बनाए रखने के लिए! सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई? सबसे बड़ी हैरत तब हुई जब! इस मामले पर अन्ना हजारे ने चुप्पी साधे रखी? ऐसे में सोनिया गांधी का आरोप कि! अन्ना हजारे ने संप्रग सरकार के खिलाफ लोकपाल के गठन को लेकर! जो आंदोलन किया था उसके पीछे कहीं न कहीं! 'दूसरी ताकत' काम कर रही थी? सत्य प्रतीत होने लगा है! क्योंकि पिछले 12 वर्षों से! एक मौका भी नहीं आया जब! अन्ना हजारे ने लोकपाल की मांग को लेकर! मोदी सरकार के खिलाफ चूं तक किया हो! कोई सवाल खड़ा किया हो या आंदोलन? ऐसे में किताब में व्यक्त अभिव्यक्ति के खिलाफ! अन्ना हजारे की तिलमिलाहट!'चोर की दाढ़ी में तिनका' कहावत को चरितार्थ कर रहा है! खैर किताब को लेकर! जिस तरह की बेचैनी और! बौखलाहट का माहौल दिख रहा है वह! कहीं न कहीं सच्चाई पर चोट और जख्मों को कुरेदने जैसा है! अभी तो यह मामला अन्ना तक सीमित है! संभव है आगे आने वाले दिनों में! मेनका का तांडव भी देखने को मिले? और घर में ही लंका दहन हो?

बहरहाल यह पर्व और त्योहार का मौसम है! जहां दीपावली में बम और पटाखे की गूँज ने! पटाखे की खरीद - बिक्री पर रोक जैसे प्रशासनिक आदेश कि! खुले तौर पर धज्जियां उड़ाई है?

शायद ही कोई चौक - चौराहा नुक्कड़ हो! जहां सड़क से लेकर दुकानों पर पटाखे नहीं सजी थी! लेकिन क्या मजाल कि पुलिस अथवा प्रशासनिक पदाधिकारी! उनके खिलाफ एक्शन मोड में दिखे हो! दिखावे की बात अलग है? चुप्पी और हालात देखकर! झनझन की सुनो झंकार! यह दुनिया है काला बाजार! कि पैसा बोलता है... गीत याद आ गया? अब तो लोक आस्था का महापर्व! छठ परवान चढ़ रहा है! जहां छठव्रती इस कठिन तपस्या को लेकर! भगवान भास्कर और छठी मैया की अराधना में हैं! पोखर और जलाशय से! गंदगी और जलकुंभियों को हटाकर घाट बनाने में जुटे हैं? जो सात निश्चय की सच्चाई उजागर कर रहा? जिला प्रशासन से लेकर तमाम महकमा के लोग भी! इस प्रयास में जुटे हैं कि! छठ घाटों पर समुचित साफ- सफाई रोशनी आदि की सुविधा मुहैया हो सके! विधि व्यवस्था संयमित और नियंत्रित रह सके? यह सक्रियता देखकर खुशी भी होती है! मगर यह सोच भी बनता है कि! अगर इसी तरह हर दिन! हर सप्ताह! हर महीने! निर्वाचित प्रतिनिधि और समूचा महकमा! निगाहों को खोलकर निरीक्षण - परीक्षण में लग जाते तो फिर! गंदगी और कु व्यवस्था क्यों और कैसे अपना पांव फैलाती! घर की बात घर में रह जाती न...!

खरना पूजन के साथ छठ व्रतियों ने पार की दूसरी सीढ़ी

मुजफ्फरपुर। शुक्रवार को नहाए खाए के साथ प्रारंभ हुई चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना पूजन किया गया। छठ वर्तियों ने विधिवत छठी मैया की पूजा अर्चना की। छठ के गीतों के साथ माहौल भक्ति मय बना रहा मौके पर गुर से निर्मित खीर और का प्रसाद वितरण किया गया। कल तीसरे दिन अस्थातचलगामी सूरज को छठवर्ती अर्ध्य देंगे वहीं अगले दिन उदयीमान सूरज को अर्ध्य देने के साथ इस चार दिवसीय पर्व का समापन हो जाएगा।

अस्ताचलगामी सूरज को अर्घ्य आज

औराई आससे के अनुसार छठ घाट की साफ सफाई पुरी, रविवार को भगवान भास्कर का पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ सफाई पूरी कर ली गई है। अधिकतर स्थानों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा के आदेश पर स्वच्छता कर्मियों के द्वारा छठ घाट की सफाई भी की गई है। वैसे ग्रामीणों के द्वारा भी आस्था के महापर्व की तैयारी के तहत छठ घाटों की सफाई भी की जा रही है। शनिवार को छठ व्रती के द्वारा खरना का प्रसाद अर्पित की जाएगी। रविवार को पहला अर्घ्य एवं सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए आस्था का महापर्व का समापन होगा। थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि छठ घाटों पर सुरक्षा के लिए ग्रामीण पुलिस बल के साथ पुलिस पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। वैसे पुलिस पेट्रोलिंग भी जारी रहेगा। अंचलाधिकारी



धीरज कुमार ने लोगों को हिदायत दिया कि बागमती एवं लखनदेई नदी के घाटों पर छठ व्रती ज्यादा पानी में जाने से बचें। ज्यादा पानी वाले स्थानों पर बास का बैरिकेडिंग के लिए स्वच्छता कर्मी को निर्देश भी दिया है।

साहेबगंज से आससे के अनुसार चार दिवसीय लोक आस्था का छठ पर्व दूसरे दिन शनिवार को 36 घंटे का छठव्रतियों ने खरना व्रत रखा साथ ही से शुरू हो गया। वही शनिवार को छठ पर्व के सामानों के लिए खरीदारों की काफी भीड़ रही। भीड़ का आलम यह था कि धर्मशाला चौक, ब्रजनंदन चौक, गांधी चौक, ब्लॉक गेट होते हुए केशव चौक एवं इंद्रदेव चौक तक काफी जाम की स्थिति रही। थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में साहेबगंज बाजार में भीड़ को कंट्रोल करने में लगे रहे। लोगों की तादाद बढ़ने के बावजूद बांस से बने डगरा, दउरा, सूपली, डलिया एवं बड़ा दउरा की कीमत पिछले साल की वनस्पित कम रही। डगरा एवं दउरा की कीमत में करीब 30 प्रतिशत प्रति पीस की दर, पिछले साल से कम रही। सुपली 40 से 60 रुपया, डलिया 30 से 50 रुपया, दउरा 250 से 450 रुपया एवं डगरा 120 से 150 रुपए पीस बिका। वही फलों के दाम भी ठीक रहे। बाजार में सेव 100 रुपए किलो, केला 50 रुपए दर्जन, अनारस 40 पीस, नारंगी 100 रुपये में एक किलो, अनार 200 किलो, सिंघाड़ा 80 रुपए किलो बिका। साहेबगंज व्यापार मंडल से मिडिल स्कूल तक डगरा एवं दउरा का अस्थायी दुकानें सड़क पर लगी है। दुकानदार दिनेश साह, उर्मिला देवी, देवानंद साह, धीरज कुमार सहित अन्य ने बताया कि माल अधिक, ग्राहक कम होने से दाम कम है। शनिवार को दाम में कुछ तेजी आई।

विधायक ने व्रतियों के बीच पूजन सामग्री के साथ साड़ी, गेहूं-चावल और नगद राशि का किया वितरण

मुजफ्फरपुर। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर कांटी के विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने लगातार चौथे दिन शनिवार को भी शहर के बीबीगंज स्थित अपने आवास पर 200 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री, साड़ी, गेहूं और चावल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहयोग के रूप में नगद राशि भी प्रदान की, ताकि किसी भी परिवार को छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। विधायक अजीत कुमार की इस पहल



से बड़ी संख्या में पहुंचे छठ व्रतियों और जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिली। पर्व की तैयारियों के बीच आवश्यक पूजन सामग्री और खाद्यान्न मिलने से लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सादगी, पवित्रता, समर्पण और सेवा का संदेश देता है। छठ व्रतियों की सेवा करना उनके लिए केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आत्मिक संतुष्टि का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों की सेवा करने से उन्हें एक अलग तरह की शक्ति मिलती है और मन को अपार खुशी एवं सुकून प्राप्त होता है।

विधायक ने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की सुख-दुख में सहभागी बनना उनका कर्तव्य है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाना और जरूरत के समय लोगों के साथ खड़ा रहना ही जनसेवा की वास्तविक पहचान है। उन्होंने छठी मैया से सभी छठ व्रतियों के परिवारों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की।

मन में जलकुंभी के बीच फंसा मिला युवक का शव

औराई (आससे)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के रामपुर सम्भूता रोड स्थित बड़का मन के पास शनिवार को एक शव उपलाते देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव ने जलकुंभी के बीच से शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान रामपुर अजरकवे गांव निवासी सुरेंद्र ठाकुर के पुत्र 40 वर्षीय कृष्णनंदन ठाकुर उर्फ बेचन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। स्थानीय समाजसेवी मुरारी यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार ठाकुर ने बताया कि उसके तीन बच्चे थे, वह शादीशुदा था वह पुल पर गया होगा या शौच करने के क्रम में जलकुंभी की वजह से फंसकर उसकी मौत हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के आवेदन के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

राज्यपाल से मिले नगर विधायक, बिहार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर की चर्चा

मुजफ्फरपुर। नगर विधायक रंजन कुमार ने शनिवार को बिहार के राज्यपाल ले? जनरल सैयद अता हसनैन से लोकभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक ने बिहार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शैक्षणिक व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। नगर विधायक रंजन कुमार ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराया। विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक रंजन कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय किसी भी क्षेत्र की शैक्षणिक और बौद्धिक प्रगति का महत्वपूर्ण केंद्र होता है। इसकी शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना आवश्यक है।

बाल दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत ने बच्चों के बीच बांटी खुशियां

मुजफ्फरपुर। बाल दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ तिरहुत द्वारा स्लम एरिया में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच गांधी स्मृति पुस्तकालय सिकंदरपुर में मिठाई, चॉकलेट, टॉफी एवं वस्त्रों का वितरण किया गया। छठ महापर्व के पावन अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से क्लब ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। इस अवसर पर छठ व्रतियों के बच्चों को भी मिठाई एवं टॉफियां वितरित की गईं।

संदिग्ध व्यवस्था में युवक की मौत

सरैया (आससे)। पारू थाना क्षेत्र के चिन्तामनपुर पंचायत के भिखनपुरा गांव में एक 22 वर्षीय युवक की मौत संदिग्ध अवस्था में होने की बात सामने आई है। घटना की सूचना पर पहुंची पारु पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक स्व0 मुकेश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार बताया जा रहा है।

मृतक के दादा धनेश्वर सिंह ने बताया कि प्रिंस के माता पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। प्रिंस राज दो भाई था। जिसमे उससे एक छोटा भाई पांच वर्ष पूर्व उसकी मौत हो चुकी है। फिलहाल प्रिंस राज अपने परिवार का एकलौता सदस्य था। उसकी पत्नी फिलहाल मायके में है। पारू थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पायेगा।

गैरेज में चोरी

मोतीपुर(आससे)। राजेपुर थाना क्षेत्र के बंगरा बाजार स्थित बीती रात चोरों ने मोटर पार्ट्स गैरेज को निशाना बनाया। इसमें तकरीबन चार लाख रुपए मूल्य की संपति चोरी होने की बात बताई गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। इस बाबत पीड़ित दुकानदार थाना क्षेत्र के मीनापुर निवासी देवेंद्र गिरी ने अज्ञात के खिलाफ थाना में शिकायत की है।

आधुनिक भारत के निर्माता पंडित नेहरू को जयंती दिवस पर जिला कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद के कठिन दौर में देश की ऐसी मजबूत नींव रखी, जिससे लोकतंत्र सशक्त हुआ और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिला। उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय, तिलक मैदान में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कही।

उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को आईआईटी, एम्स, बड़े-बड़े कारखाने और विशाल बाँध जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएँ एवं परियोजनाएँ दीं। देश को आत्मनिर्भर बनाने का जो सपना उन्होंने देखा था, वही आज भी देश के विकास को दिशा दे रहा है। श्रद्धांजलि सभा में सकरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उमेश कुमार राम, मुकेश त्रिपाठी, समीर कुमार, केदार सिंह पटेल, मोजक्कर रहमान, विकास कुमार टुल्लू, आकर्ष चंद्रा, प्रभात चंद्रा, संजय कुमार, रिजवान अहमद एजाजी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

वहीं स्वामी सहजानंद किसान भवन, भगवानपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

बैठक को संबोधित करते हुए सुरेश शर्मा नीरज ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू महान स्वतंत्रता सेनानी और आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत को विकास की नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

सरैया (आससे)। अपराध नियंत्रण एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जैतपुर थाना पुलिस ने अवैध हथियार और दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जैतपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के रेपुरा रामपुर बल्ही स्थित जैतपुर हाईस्कूल के पास एक व्यक्ति हथियार से लैस होकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इसी दौरान पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध युवक भागने लगा। पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया।

विधायक ने किया बथना राम-बथना डीह सड़क का शिलान्यास

मुजफ्फरपुर। मड़वन प्रखंड की पकड़ी पकोही पंचायत में वर्षों से जर्जर बथना राम से बथना डीह तक जाने वाली सड़क के निर्माण का रास्ता शनिवार को साफ हो गया। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का विधायक अजीत कुमार ने नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। सड़क निर्माण की पहल से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही वर्षों पुरानी आवागमन की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि इस इलाके के लोगों का उन्हें लंबे समय से स्नेह और समर्थन मिलता रहा है। चुनाव के दौरान उन्होंने इस सड़क के निर्माण का वादा किया था, जिसे पूरा करने की दिशा में आज ठोस पहल की गई है। विधायक ने कहा कि सड़क की स्थिति खराब होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, किसानों और राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। खासकर बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता था। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग के जेई, संबंधित अधिकारियों और संवेदक को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एंव आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में 13 नवंबर को जजुआर ओ0पी0 पुलिस टीम को पहसौल बाजार में एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक नगवारा की ओर आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों युवक गाड़ी घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें बल के सहयोग से घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों का नाम पूछने पर संजय मंडल, निशु कु0 मंडल, दोनों थाना-जजुआर ओ0पी0, जिला-मुजफ्फरपुर बताया गया। इनसे वाहन का कागजात की मांग करने पर इनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया।

समाहरणालय, अररिया
(जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
अल्पकालीन निविदा संख्या- 01/2026

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित वस्त्र वितरण कार्यक्रम (वित्तीय वर्ष 2026-27) के तहत जिले के अपंग, भूमिहीन, निर्धन एवं भिक्षुकों के बीच वितरण हेतु ऊनी कम्बल क्रय किया जाना है। ऊनी कम्बल की न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई 8 फीट x 5 फीट तथा न्यूनतम वजन 2.4 कि0ग्रा0 का होना चाहिए। अतः सरकार, अर्द्ध सरकारी अथवा प्राईवेट प्रतिष्ठित आपूर्तिकर्त्ताओं से कम्बल की आपूर्ति हेतु मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 26.11.2026 को समय 11.00 बजे पूर्वाहण तक आमंत्रित की जाती है। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग मुहर बन्द लिफाफे में प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिनांक **26.11.2026 को 03.00 बजे** अपराहन में निविदा समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्त्ता-सह-जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि (एक व्यक्ति के द्वारा किसी भी एक एजेन्सी का ही प्रतिनिधित्व किया जायेगा, एक से अधिक एजेन्सी के प्रतिनिधित्व की स्थिति में उनके द्वारा दिये गये सभी निविदा को रदद कर दिया जायेगा) को ऊनी कम्बल का एक नमूना के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस निविदा के संबंध में पूरी जानकारी जिले के वेबसाईट **http://araria.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के लिए निम्नांकित शर्तें निर्धारित की जाती हैं:-

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015428 (Welfare) 2026-27 — जिला पदाधिकारी, अररिया

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प ओर परिवार से प्यार।

Office of the Principal
Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi
Mail ID.- principal@sitsitamarhi.ac.in

NOTICE No. SIT/156/2026-27
NATs APPRENTISHIP VACANCY ANNOUNCEMENT

Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi announces vacancies for National Apprenticeship Training Scheme (NATs) Trainees for 2026-27 session in the following departments:-

Sl. No.	Branch	Qualification	No. of Vacancy	Stipend amount per month (in rs.)	
01	Civil Engg./Mechanical Engg./Electrical Engg./Computer Sc. & Engg.	Diploma	03	10000.00	As per DSTTE Guidelines

Walk-in-Interview
Interested Candidates need to appear in the walk-in-Interview on 27-11-2026 (Friday).
Reporting Time: - 11:00 AM
Venue: - Faculty Lounge, Sitamarhi Institute of Technology, Sitamarhi, Gosainpur, Rasulpur-Dumra, Sitamarhi. Contact Person: - Mr. Upendra Kumar (Mob. No 9835577623.

Note:-
1. It is Mandatory for the candidates to have valid NATs-2.0 Student ID.
2. Candidates already undergoing or have Undergone Apprenticeship Training are not eligible to attend this interview.
3. Candidates are supposed to come with their CV. One set of photocopies of all Academic as well as reservation certificate (if applicable) along with valid ID proof and all original documents for verification.
4. Candidates must pass out Diploma in last 05 (five) years.
5. Selected candidate will be paid stipend for one year, as per rule under section 8(1) of the Apprentice's act 1961 as amended in 1973, 1986 and 2014 DSTTE, Patna guideline.
6. The reservation policy is given as per Bihar Govt. rule.
7. There is no provision of TA/DA will be paid for attending the interview. Visit website: - www.sitsitamarhi.ac.in for any kind of further information.

Principal
S.I.T., Sitamarhi

PR- 015395 (Science & Tech.) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर
अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण
सूचना सं0-20 वर्ष 2026-2027
(Single Bid System)

Sl. No.	Name of Work.	Estimated cost (In Rs.)	Bid Security 2% (EMD In Rs.)	Cost of Bidding Document (In Rs.)	Bid Processing Fee	Time of Completion (In Month)
1	2	3	4	5	6	7
1.	Estimate for Renovation of E.W & E.I in Boys Hostel-1(Babu Jagjivan Ram Hostel), G+1 of Dr. Bhimrao Ambedkar Residential+2 High School Raghopur Bakhari, Distt-Sitamarhi.	2130365.00	43000.00	5000.00	As per Online requirement	30 Day

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :- विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर भवन निर्माण विभाग।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :- दि0-10.11.2026
3. निविदा कागजात प्राप्त करने का (डाउनलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :- दि0-26.11.2026 से 10.12.2026 को 15.00बजे अपराहन तक
4. निविदा जमा करने (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :- दि0-11.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
5. हार्ड कॉपी (मूल में) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- दि0-12.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
6. ई-निविदा की खोलने की तिथि एवं समय :- दि0-14.12.2026 को 15.00 बजे अपराहन तक
7. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान :- केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :- केवल वेवसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा वैधता की अवधि :- 120 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 015385 (BCD) 2026-27 — (बलवीर चन्द्र भारती) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, भवन निर्माण विभाग

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।